Date:- 02-06-2025

Dainik Bhaskar, Page-ii, Surat

# सूरत मेट्रो : डायमंड रूट पर सरथाणा फ्लाईओवर के ऊपर 37 मीटर लंबे स्पान के गर्डर इंस्टॉलेशन शुरू

**15** किलोमीटरः ड्रीम सिटी से सरथाणा नेचर पार्क तक का मेट्रो रूट सेक्शन।

**37** मीटरः इस रूट पर बनाए जा रहे सबसे लंबे स्पान की लंबाई (2 स्पान इतने लंबे हैं)।

**13** सेगमेंट प्रति स्पानः 37 मीटर लंबे हर स्पान में कुल 13 सेगमेंट लगाए जा रहे हैं।

**14** मीटर (46 फीट): इन स्पान की ऊंचाई जो इसे इंजीनियरिंग के लिहाज से चुनौतीपूर्ण बनाती है।

**02** स्पेशल स्पान : सरथाणा सेक्शन में ऐसे दो खास स्पान बनाए जा रहे हैं जो सबसे लंबे हैं।



**सूरत** | सूरत मेट्रो के डायमंड रूट (लाइन-1) पर ड्रीम सिटी से सरथाणा नेचर पार्क तक के 15 किमी सेक्शन में सरथाणा फ्लाईओवर पर 37 मीटर लंबे स्पान की गर्डर इंस्टॉलेशन शुरू हो गई है। सामान्यतः मेट्रो में 25-27 मीटर स्पान होते हैं, लेकिन यहां दो स्पान 37 मीटर के बनाए जा रहे हैं, जिनमें 13-13 सेगमेंट होंगे। हर स्पान की ऊंचाई लगभग 14 मीटर (46 फीट) है। लंबे स्पान इसलिए जरूरी हैं ताकि ट्रैफिक, क्रॉस रोड्स और मौजूदा ढांचे को बिना बाधित किए मेट्रो का निर्माण हो सके। सूरत मेट्रो प्रोजेक्ट का यह हिस्सा न केवल शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाएगा, बल्कि निर्माण तकनीक के लिहाज से भी एक मिसाल पेश करेगा।